# Internet Saathi Program

## Running Report

# 2019

Manav Jeevan Vikas Samiti

**Address** – Village Bijouri, Post Majhagwan (Barhi Road), Teh. Badwara, District Katni MP Pin Code 483501

Website- www.mjvs.org , Email – mjvskatni@gmail.com , Contact No. 07626-275223 (9425157561)

## 1. Introduction

| | |
|---|---|
| 1. **Name of CSO** | Manav Jeevan Vikas Samiti |
| 2. **Working Area -**<br>**District – 02**<br>**Block – 11**<br>**Village – 1320** | **Dindori District 5 Block -** Dindori, Samnapur, Bajang, Karanjiya, Shahpura<br>**Mandla District 6 Block -** Mandla, Narayanganj, Mohgaon, Ghughari, Bichhiya, Nainpur |
| 3. **Project Support** | Phia Foundation Bhopal |
| 4. **Number of Saathi 2 District** | 330 Internet Saathi |
| 5. **Date and Duration of Meeting** | January to August 2019 |
| 6. **Names of Supervisors Present** | 11 |
| 7. **District Manager** | 01 |

**इन्टरनेट साथी का कार्यक्षेत्र –**

- इंटरनेट साथी का कार्यक्षेत्र 4 गांव होगा।
- 1 स्वयं का गांव होगा और 3 आसपास क्षेत्र के गांव होंगे।
- साथी को चारों गांवों से महिलाओं को सिखाना होगा।

**कार्यक्रम के लाभार्थी –**

- गांव की किशोरी व महिला लाभार्थी होगी।
- उम्र कम से कम 14 वर्ष व अधिकतम 60 वर्ष होगी।
- शिक्षा जरूरी नही।
- गांव की कोई भी महिला हो सकती है।
- सभी वर्ग की महिलाओं को शामिल करें।

**कितने किशोरी व महिलाओं को सिखाना है–**

- 4 गांव की 700 किशोरी व महिलाओं को सिखाना हैं
- प्रत्येक महिला को या ग्रुप मे 3 से 4 घण्टे मे सिखा सकते है।
- सभी चिन्हित 4 गांव से महिलाओं को सिखाना है।
- सिखाने के दौरान आपको लगता है कि कुछ बदलाव व नयापन दिख रहा है तो आप सफलता की कहानी व स्टोरी लिख सकते है।

**दस्तावेजीकरण –**

- रजिस्टर मेन्टेन करना।

- डेली डायरी होना जरूरी है।
- प्रतिदिन किये गये सर्वे की जानकारी अलग अलग लिखना है।
- लाभार्थी का दस्तावेज प्रोफाईल के अनुसार अपने रजिस्टर मे भरकर रखना है।
- यह की लाभार्थी की प्रोफाईल जमा होने के बाद उसको जांच करना मोबाईल पर मुश्किल होता है।

**सावधानियां –**

- आपको जो 2 डिवाईस दिये गये है उसे सुरक्षित बनाये रखे।
- काफी जानकारी सहमती पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है उसका अनुकरण करे।
- डिवाईस के साथ किसी प्रकार का छेड़छाड़ न करे इसे व्यवस्थित रखे।
- डिवाईस मे अनावश्यक एप्स व अन्य डाउनलोड का उपयोग न करें जिससे डिवाईस हैंग होने लगे और आप काम न सके।
- गांव मे काम करते वक्त लोगों से व्यवहार पूर्वक बातचीत करें।
- डिवाईस का उपयोग स्वयं इंटरनेट साथी द्वारा ही किया जाये।
- सर्वेक्षण दौरान किसी से विवाद न करें।
- आपको बताना होगा की आपकी जानकारी गुप्त रखी जायेगी किसी को शेयर नही की जायेगी और न ही आपको किसी प्रकार से हानी होगी।

**संस्था मानव जीवन विकास समिति कटनी द्वारा फिया फाउण्डेशन व फ्रेन्ड्स संस्था भोपाल के सहयोग** से समिति मण्डला व डिण्डौरी जिले के 11 ब्लॉको के 1320 गांवों मे ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल साक्षरता की ओर बढ़ावा दे रहे है। इन्टरनेट साथी कार्यक्रम के प्रोग्राम मेनेजर रामकिशोर चौधरी ने बताया की यह कार्यक्रम मण्डला जिले के 6 ब्लॉकों मण्डला, नारायणगंज, मोहगांव, घुघरी, नैनपुर व बिछिया ब्लॉक मे व डिण्डौरी जिले के 5 ब्लॉक डिण्डौरी, समनापुर, बजाग, करंजिया, शहपुरा ब्लॉक मे आयोजित किया जा रहा है। 11 ब्लॉक की 2 लाख इकतीस हजार (231000) ग्रामीण महिलाओं को 330 स्थानीय इंटरनेट साथियों की मदद् से 6 महीने मे डिजिटल साक्षर करने लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ रहे है।

प्रत्येक ब्लॉक मे 1–1 ब्लॉक समन्वयक और 330 इंटरनेट साथियों को रखा गया है, साथियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर आयोजित कर प्रशिक्षित किया गया है प्रत्येक साथी को 2 स्मार्ट फोन दिये गये है जिसका उपयोग महिलाओं को सिखाने के लिए किया जा रहा है। अब वो साथी गांव की ग्रामीण महिलाओं को स्मार्ट फोन चालू बंद करने से लेकर मेन मिनु, मुख्य मिनु आदि को सांकेतिक चिन्हों की मदद् से पहचान कराकर उन्हे इंटरनेट चालू बंद करना, कैमरे से फोटो खींचना व वीडियो बनाना एवं गैलरी से फोटो और वीडियो की पहचान करना भी बताया जा रहा है।

साथ ही यूट्यूब से स्वयं की आजीविका सुनिश्चित करेंगी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि मे भी सुधार होगा। सेहत के लिए यूट्यूब के जरिये ये महिलाऐ अपने स्वास्थ्य की सुविधायें ले पायेंगी। यह भी बताया गया कि बच्चों की शिक्षा मे सुधार होगा। साथ ही व्यवसाय व नौकरी के अवसर भी बढ़ेंगे। यह जागरूकता महिलाओं व परिवार मे बदलाव अवश्य लायेगा।

- **साथी प्रोफाईल पर चर्चा** – साथियों के स्वयं की प्रोफाईल एप्स पर सबको भरनी थी क्या सभी ने भर पाया यदि हां तो उस पर थोड़ी विचार विमर्श कर प्रोफाईल भरने मे कैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। और कितना समय लगा प्रोफाईल भरने मे इस पर भी साथियों से बातचीत किया गया।

- **लाभार्थी प्रोफाईल पर चर्चा** – साथियो से जानकारी ली गई की आपको लाभार्थी को सिखाने मे और लाभार्थी फार्म एप्स मे भरने मे क्या अनुभव रहा। साथियों ने बताया की लाभार्थी सीखने मे ज्यादा समय ले रहे थे दूसरा यह की फोटो लेने से कई लाभार्थी मना कर रहे थे उनका कहना था की कहीं हमारी फोटो का दुरूपयोग तो आपको द्वारा नही किया जायेगा, समझाईस के बाद फोटो ले पाते थे।

- **साथियों के कार्य प्रगति पर चर्चा व विश्लेषण जैसे** – प्रशिक्षण के बाद तय समय सारणी के अनुसार पहले व दूसरे महीने मे साथियों द्वारा कितना काम किया गया। और यह की आपने पहले व दूसरे मे महीने मे कितने लाभार्थी महिला व किशोरी को सिखा पाये ।

- **विलेज रीच्ड (गांव पहुंच) पर चर्चा** – आप सभी ने अपने कार्यक्षेत्र के चारों गांव को कवर किया इसके लिए आपको सभी चारों गांव से कम से कम 1 लाभार्थी महिला को सिखाकर फार्म भरना था इसके काफी समस्या का सामना करना पड़ा है।

- **विलेज कवरेज (गांव को कवर किया)** – अपैल महीने मे सभी साथियो को अपने कार्यक्षेत्र के 4 गांव मे से 2 गांव को कवर करने के लिए दोनो गांव से 60–60 लाभार्थी को सिखाकर फार्म भरना है तभी कवर माना जायेगा।

- **कितने महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया** – साथी वाईज अलग अलग आंकड़े सामने आये है किसी का ज्यादा तो किसी का मध्यम और किसी साथी का बिलकुल कम लाभार्थी को सिखाया है उस पर भी सफल साथी का उदाहरण सभी के सामने रखा गया जिससे साथी प्रभावित हुए है।

